# दिनांक 26.08.2026 को जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की अध्यक्षता में जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक का कार्यवृत्त

दिनांक 26.08.2026 को अपराह्न 2:30 बजे अद्योहस्ताक्षरी द्वारा जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में निम्नलिखित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया–

1. सुश्री नेहाबन्धू, मुख्य विकास अधिकारी, मैनपुरी।
2. श्री राजेश कुमार बघेल, जिला पंचायत राज अधिकारी, मैनपुरी।
3. इं0 अरूण सिंह, अधिशासी अभियंता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मैनपुरी।
4. इं0 सूरजभान सिंह, सहायक अभियंता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मैनपुरी।
5. इं0 विकास श्रीवास्तव, सहायक अभियंता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मैनपुरी।
6. इं0 योगेश कुमार, जिला समन्वयक, जिला परियोजना अनुश्रवण इकाई, मैनपुरी।
7. इं0 सूर्याकान्त शाहू, डी0पी0एम0, टी0पी0आई0 (फिचनर कन्सल्टिंग इंजीनियर्स प्रा0लि0), मैनपुरी।
8. इं0 श्रीनिवासउलू सिरजीरेड्डी, संयुक्त महाप्रबन्धक, एन0सी0सी0 लि0, हैदराबाद।

आहूत समीक्षा बैठक में अद्योहस्ताक्षरी द्वारा निम्न बिन्दुओं की समीक्षा की गयी एवं निम्नानुसार निर्देशित भी किया गया –

<u>योजनाओं की प्रगतिः–</u>

| क्र0सं0 | कार्य का विवरण | लक्ष्य | गत माह की प्रगति | वर्तमान माह की प्रगति | कुल प्रगति | अवशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गृह पेयजल संयोजन (एफ0एच0टी0सी0) | 259933 | 254932 | 254932 | 0 | 5001 |
| 2 | बाउण्ड्रीवाल | 488 | 458 | 458 | 0 | 30 |
| 3 | वितरण प्रणाली | 5928 | 5208 | 5226 | 18 | 702 |
| 4 | अवर जलाशय | 478 | 174 | 176 | 2 | 302 |
| 5 | पम्प हाउस | 541 | 447 | 449 | 2 | 92 |
| 6 | पम्प इंस्टालेशन | 541 | 532 | 532 | 0 | 9 |
| 7 | सोलर पैनल इंस्टालेशन | 471 | 434 | 434 | 0 | 37 |
| 8 | ई0वी0 कनेक्शन | 70 | 50 | 50 | 0 | 20 |
| 9 | हर घर जल प्रमाणीकरण | 783 | 135 | 135 | 0 | 768 |
| 10 | पूर्ण योजनायें | 418 | 74 | 74 | 0 | 370 |

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि मै0 एन0सी0सी0 लि0 द्वारा गत माह समीक्षा बैठक से वर्तमान तक निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष प्रगति बहुत कम है, अधिशासी अभियंता जल निगम(ग्रामीण), द्वारा अवगत कराया गया, कि मै0 एन0सी0सी0 लि0 के पास मशीनरी/मैनपावर का अभाव होने के कारण प्रगति प्राप्त नही की जा सकी। निर्देशित किया गया कि पर्याप्त मात्रा में मशीनरी/मैनपावर उपलब्ध कराते हुए प्राथमिकता के आधार पर 162 नग अवशेष एकल ग्राम पेयजल योजनाओं में प्रस्तावित कार्यों के सापेक्ष अपूर्ण कार्यो को पूर्ण करने हेतु PERT chart के अनुसार माह अगस्त 2026 में 9 नग योजनाऐ, सितम्बर 2026 में 21 योजनाऐ, अक्टूबर 2026 में 27 नग योजनाऐं, नम्बर 2026 में 25 नग योजनाऐ, दिसम्बर 2026 में 24 नग योजनाऐं, जनवरी 2027 में 20 नग योजनाऐं, फरवरी 2027 में 15 नग योजनाऐं एवं मार्च 2027 में 21 नग योजनाओं को पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

कार्यवाही(कार्यदायी संस्था/टी0पी0आई0/अधिशासी अभियन्ता,जल निगम(ग्रामीण)

<u>हर घर जल प्रमाणीकरण की प्रगतिः–</u> अधिशासी अभियंता जल निगम(ग्रामीण), द्वारा अवगत कराया गया कि 231 नग राजस्व ग्रामों को हर घर जल रिपोर्टेट किया गया। जिसके सापेक्ष मात्र 135 नग राजस्व ग्रामों को हर घर जल प्रमाणीकरण किया गया। निर्देशित किया गया कि अवशेष 96 राजस्व ग्रामों में पर्याप्त मात्रा में मशीनरी/मैनपावर उपलब्ध कर जलापूर्ति कराते हुए हर घर जल प्रमाणीकरण कराना सुनिश्चित करें।

कार्यवाही(जिला समन्वयक (डी0पी0एम0यू0)/अधिशासी अभियन्ता,जल निगम(ग्रामीण))

<u>योजनाओं की स्थितिः–</u> अधिशासी अभियंता जल निगम(ग्रामीण), द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में 418 नग निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 74 नग योजनाऐ पूर्ण की जा चुकी है। 13 नग योजनाऐ पंचायतीराज विभाग द्वारा हस्तान्तरण की जा चुकी है तथा 49 नग योजनाओं को पंचायतीराज विभाग के पोर्टल पर हस्तान्तरण के लिए अपलोड की जा चुकी है। शेष कार्य प्रगति पर है। निदेर्शित किया गया कि ग्राम पंचायत को हस्तान्तरण हेतु पोर्टल पर अपलोटेड 49 योजनाओं को 7 सप्ताह के अन्दर ग्राम पंयायत हस्तान्तरण को कार्यवाही पूर्ण करें। तथा पूर्ण योजनाओं में रोस्टर के अनुसार नियमित जलापूर्ति करायी जााये, तथा योजनाओं पर जलापूर्ति समस्या एवं शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया जाये। मौसम खराब होने पर डी0जी का संचालन कर जलापूर्ति की जाये। जल्लापुर दिखतमई+प्रयागपुर में अवशेष 500 मी0 सड़क मरम्मत का कार्य पूर्ण कराया जाये।

**कार्यवाही(कार्यदायी संस्था/अधिशासी अभियन्ता जल निगम(ग्रामीण)/जिला पंयायत राज अधिकारी,**

<u>सड़क पुर्नस्थापना/मरम्मत की प्रगतिः–</u> अधिशासी अभियंता जल निगम(ग्रामीण), द्वारा अवगत कराया गया है कि जनपद अन्तर्गत 780 नग राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 604 नग राजस्व ग्रामों में सड़क मरम्मत का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। निर्देशित किया गया कि मा0 जनप्रतिनिधियों, ग्राम प्रधान, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पोर्टल (I.G.R.S) के माध्यम से प्राप्त हो रही शिकायतों को शीर्ष प्राथमिका के आधार पर निस्तारित कराया जाये एव अवशेष सड़क मरम्मत का कार्य योजना बनाकर 15 दिवश में मरम्मत कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

**कार्यवाही(कार्यदायी संस्था/टी0पी0आई0/अधिशासी अभियन्ता,जल निगम(ग्रामीण)**

<u>मशीनरी/मैनपावरः–</u> डी0पी0एम0, टी0पी0आई0 द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में जल जीवन मिशन हर घर जल कार्यक्रम अन्तर्गत निर्माणाधीन 418 पेयजल योजनाओं में कार्यदायी फर्म मै0 एन0सी0सी0 लि0 द्वारा कार्यस्थल पर मात्र 620 मैनपावर उपलब्ध है निर्देशित किया गया कि उपरोक्त योजनाओं को निर्धारित तिथि अन्तर्गत पूर्ण करने हेतु PERT chart के माध्यम से मानव श्रमिकों का आकलन कर संख्या में वृद्धि की जाये जिसकी आख्या टी0पी0आई0 द्वारा प्रतिदिन प्रेषित की जायेगी।

**कार्यवाही(कार्यदायी संस्था/टी0पी0आई0/अधिशासी अभियन्ता,जल निगम(ग्रामीण)**

**बैठक सधन्यवाद समन्न हुयी।**

Digitally signed by
INDRA MANI TRIPATHI
Date: 31-08-2026
15:01:52

**अधिशासी अभियंता/**
सदस्य सचिव
जि0पे0 एवं स्वच्छता समिति
मैनपुरी।

**जिलाधिकारी/**
अध्यक्ष
जि0पे0 एवं स्वच्छता समिति
मैनपुरी।

पत्रांक– / / दिनांक–

<u>प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–</u>

1. मुख्य विकास अधिकारी, महोदया मैनपुरी ।
2. जिला पंचायत राज अधिकारी, मैनपुरी (सदस्य)।
3. समस्त खण्ड विकास अधिकारी, मैनपुरी।
4. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, मैनपुरी।
5. डी0पी0एम0, टी0पी0आई0 मैनपुरी।
6. मै0 एन0सी0सी0 लि0, हैदराबाद।

अधिशासी अभियंता